नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय कोलकाता केंद्र में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आज

वर्धा, 4 फरवरी 2019: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता में 05 फरवरी मंगलवार को ''**भारत और मॉरीशस : सामाजिक-सांस्कृतिक और साहित्यिक परिदृश्य**'' विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र के प्रभारी डॉ. सुनील कुमार 'सुमन' ने बताया कि इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर मॉरीशस के कला एवं संस्कृति मंत्रालय की डॉ. सरिता बुधू शामिल होंगी। संगोष्ठी में बीज वक्तव्य देंगे लेखक-कवि एवं प.बंगाल के पुलिस महानिदेशक (होमगार्ड) मृत्युंजय कुमार सिंह। विशिष्ट अतिथि होंगी पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता की निदेशक गौरी बसु और शिक्षाविद। पूर्व राज्यसभा सांसद प्रो.चंद्रकला पांण्डेय इसकी अध्यक्षता करेंगी। अगले सत्र में विभिन्न महाविद्यालयों-विश्वविद्यालयों के शोध छात्र एवं प्राध्यापक अपने शोध पत्रों की प्रस्तुति करेंगे। इस सत्र की अध्यक्षता करेंगे कला संकाय, काजी नजरूल विश्वविद्यालय, आसनसोल के अधिष्ठाता प्रो. विजय कुमार भारती। इस अवसर पर विद्यार्थियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है।